मेट्रो साइट पर नहीं पनपेंगे मच्छर

एमएमआरसीएल ने जारी किया निर्देश

सामना संवाददाता / मुंबई

मॉनसून के आगमन के साथ ही मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) को मेट्रो साइट

के मच्छरों के ब्रीडिंग पॉइंट बनने का डर सताने लगा है। जलजमाव के कारण मेट्रो निर्माण स्थल मच्छरों का ब्रीडिंग पॉइंट न बने इसके लिए एमएमआरसीएल के डायरेक्टर रणजीत सिंह देवल ने मेट्रो निर्माण स्थलों का दौरा किया। ठेकेदारों को साइट पर समय से कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का आदेश दिया।

कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज के बीच मुंबई में ३३.५ किमी लंबा मेट्रो का भूमिगत मार्ग तैयार किया जा रहा है। मेट्रो-३ कॉरिडोर के मार्ग पर कुल २६ स्टेशनों का निर्माण कार्य भी चल रहा है। स्टेशन निर्माण के लिए महानगर के कई स्थानों पर खुदाई की गई है। भूमिगत मेट्रो के लिए जमीन से करीब १५ से २० मीटर नीचे तक खुदाई की गई है। बारिश के दौरान इन स्थानों पर एमएमआरसीएल को जलजमाव की चिंता सताने लगी है। जलजमाव की परेशानी से निपटने के विभिन्न स्थानों पर ४२७ पंपों की व्यवस्था की गई है।

इसके बाद भी मेट्रो साइट के एक छोटे से स्थान पर भी पानी के एकत्रित होने से वह ब्रीडिंग साइट बन सकता है। इस वजह से मेट्रो साइट पर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। सोमवार को रणजीत सिंह देवल ने महालक्ष्मी, चर्चगेट और विधानभवन स्टेशन का दौरा कर जायजा लिया। ठेकेदारों को कीटनाशक दवाइयों का नियमित रूप से छिड़काव करने का आदेश दिया। बड़े स्थानों के साथ ही साइट की छोटी-सी-छोटी जगह पर पानी जमा न हो इसका ध्यान करने का आदेश दिया।